डेकोफ़ेस्ट वुड फ़ेस्टिवल 2015

ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड के बेहरोड़ (राजस्थान)-स्थित कारखाना परिसर में 22 नवम्बर, 2015 को **डेकोवुड** प्रीमियर विनियर्स तथा डेकोर के दूसरे दस-दिवसीय **डेकोफ़ेस्ट 2015 वुड फ़ेस्टिवल** का शुभारंभ हुआ।

इस आयोजन में **डेकोवुड** प्रीमियम विनियर्स के साथ-साथ कंपनी द्वारा बनाए जाने वाले अन्य नए और इन्नोवेटिव उत्पादों पर मुख्य रूप से ध्यान दिया गया है, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं: डेकोरेटिव प्राइम विनियर, ओ2, पैस्टल विनियर, मास्टर स्ट्रोक विनियर, प्लस विनियर, प्लैंक विनियर, पॉलिश्ड पैनल बोर्ड, डिजिटल विनियर और इम्प्रेशंस।

कंपनी द्वारा **मिकासा** ब्रांडनेम के तहत बनाई जाने वाली लकड़ी की फ़्लोरिंग और ठोस दरवाज़े *(सॉलिड डोर)* भी **डेकोफ़ेस्ट वुड फ़ेस्टिवल** में प्रदर्शित किए गए हैं।

अभी तक देश के विभिन्न भागों से लगभग 200 व्यापारी इस आयोजन में आ चुके हैं, जो 1 दिसम्बर, 2015 तक चलेगा। ख़रीद की मात्रा के आधार पर पुरस्कारों की एक योजना भी **डेकोफ़ेस्ट** का मुख्य आकर्षण है।

उल्लेखनीय है कि कंपनी द्वारा अपने पहले **डेकोफ़ेस्ट** का आयोजन वर्ष 2014 में किया गया था।

डेकोवुड:

डेकोवुड नैचुरल डेकोरेटिव विनियर्स के क्षेत्र की अग्रणी ब्रांड है। इसके तहत विश्व के बेहतरीन डेकोरेटिव विनियर सुलभ कराए जाते हैं, जो अपनी कारीगरी, कलात्मक कुशलता, सुंदरता और टिकाऊपन के लिहाज़ से बेजोड़ हैं।

अपने वर्षों के औद्योगिक अनुभव और उत्पादों में निरंतर नयापन *(इन्नोवेशन)* लाने की अपनी परंपरा के बूते पर **डेकोवुड प्राइम विनियर** इंटीरियर्स की दुनिया में सबसे आगे हैं। कंपनी का लक्ष्य है - *सर्वोत्तम क्वालिटी के विनियर्स की डिज़ाइनिंग और इनका उत्पादन करना तथा इनके इस्तेमाल से उपभोक्ता के डेकोर और फ़र्नीचर में चार चांद लगाना।*